भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4934
1 अप्रैल, 2025 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात उद्योग

4934. श्री आदित्य यादव :

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई पहल की है कि भारतीय इस्पात उद्योग ने अंतिम प्रयोक्ता उद्योगों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करते हुए वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों के अनुरूप मूल्यवर्धित इस्पात की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन करने की क्षमताएं विकसित कर ली हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): 'विशेष इस्पात' के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की शुरुआत देश के भीतर 'विशेष इस्पात' के विनिर्माण को बढ़ावा देने तथा पूंजीगत निवेश को आकर्षित करके आयात में कमी करने के उद्देश्य से जुलाई, 2021 में 6,322 करोड़ रुपए के समग्र बजट के साथ की गई थी। विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना में महत्वपूर्ण संकेतकों की मौजूदा स्थिति निम्नानुसार है:-

	चयनित कंपनियों द्वारा योजना अवधि के दौरान प्रतिबद्धता	**फरवरी, 2025 तक वास्तविक उपलब्धि**
निवेश (करोड़ रुपए)	27,106	19,850
उत्पादन (000' टन में)	7,940	1,950
रोजगार (संख्या में)	14,760	9,259
प्रोत्साहन संवितरण (करोड़ रुपए)	2,033#	48*
नोट: # योजना अवधि के दौरान अनुमानित *वित्त वर्ष 2024-25 में संवितरण दावा		

*****